पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या पर माननीय प्रधानमंत्री जी के 'लखपति दीदी योजना' के अंतर्गत नवनिर्मित 'सखी स्टोर' का किया उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने किया 'सखी दीदी' का उत्साहवर्धन

लखनऊ : 27 फरवरी, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या पर माननीय प्रधानमंत्री जी के 'लखपति दीदी योजना' के अंतर्गत नवनिर्मित 'सखी स्टोर' का उद्घाटन किया।

भारत सरकार की 'अवसर' योजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups) तथा स्थानीय कलाकारों को अपने हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु देश के विभिन्न एयरपोर्ट्स पर कम कीमत पर इन समूहों और कलाकारों को विक्रय स्थल उपलब्ध कराया जाता है, ताकि वे अपने कारीगरी के उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचा सकें।
अयोध्या एयरपोर्ट पर 'सखी स्टोर' हेतु 15 महिला स्वयं सहायता समूहों का चयन किया गया है। इन समूहों द्वारा विभिन्न जूट क्राफ्ट, स्थानीय हस्तशिल्प, सखी प्रसाधान, फूलों से बनी अगरबत्तियां, देसी शहद और अन्य उत्पादों को 'सखी स्टोर' में रखा गया है।

इस विशेष अवसर पर, राज्यपाल जी ने भी स्वयं भी 'जूट बैग' की खरीददारी की तथा स्टोर पर उपस्थित 'सखी दीदी' से संवाद कर उनका उत्सावर्द्धन किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, श्री कृष्ण कुमार सिंह, सम्बन्धित अधिकारीगण एवं महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यगण आदि उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र:
कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9454468250

डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080